कार्य- पत्रिका

अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद

प्रश्न-1 वाक्य किसे कहते हैं?

I. वर्ण के समूह को
II. शब्दों के समूह को
III. व्यंजन के समूह को
IV. स्वर के समूह को

प्रश्न-2 वाक्य के कितने प्रकार होते हैं?

i. दो
ii. चार
iii. तीन
iv. आठ

प्रश्न-3 अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

i. सात
ii. आठ
iii. चार
iv. पाँच

प्रश्न 4 - ' क्या मेरा भाई आपसे मिला ?' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है ?

(i) विधान वाचक वाक्य

(ii) संदेह वाचक वाक्य

(iii) प्रश्न वाचक वाक्य

(iv) आज्ञा वाचक वाक्य

प्रश्न 6- 'मुझे आज बाहर घूमने का मन हो रहा है।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है-

(i) आज्ञा वाचक वाक्य

(ii) संकेत वाचक वाक्य

(iii) इच्छा वाचक वाक्य

LIVEWORKSHEETS

(iv) विस्मयादिबोधक वाक्य

प्रश्न 7- रमा पत्र लिख रही है। ' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है ?

(i) विधान वाचक वाक्य

(ii) संदेह वाचक वाक्य

(iii) प्रश्न वाचक वाक्य

(iv) आज्ञा वाचक वाक्य

प्रश्न 8 - 'अभी तुम बाहर जाओ।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है -

(i) आज्ञा वाचक वाक्य

(ii) संकेत वाचक वाक्य

(iii) इच्छा वाचक वाक्य

(iv) विस्मयादिबोधक वाक्य

प्रश्न 9- 'वह शिमला गया होगा।' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है?

(i) विधानवाचक वाक्य

(ii) संदेहवाचक वाक्य

(iii) प्रश्नवाचक वाक्य

(iv) आज्ञावाचक वाक्य

LIVEWORKSHEETS

प्रश्न 10 - ' हो सकता है वह विद्यालय गया हो।' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है ?

(i) विधान वाचक वाक्य

(ii) संदेह वाचक वाक्य

(iii) प्रश्न वाचक वाक्य

(iv) आज्ञा वाचक वाक्य

प्रश्न 11 'फसल को पानी मिलेगा, तो उपज अच्छी होगी।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है-

(i) आज्ञा वाचक वाक्य

(ii) संकेत वाचक वाक्य

(iii) इच्छा वाचक वाक्य

(iv) विस्मयादिबोधक वाक्य

प्रश्न 12- ' हे राम ! तुमने मेरे दोस्त के साथ इतना बुरा क्यों किया।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है -

(i) आज्ञा वाचक वाक्य

(ii) संकेत वाचक वाक्य

(iii) इच्छा वाचक वाक्य

(iv) विस्मयादिबोधक वाक्य

प्रश्न-13 -'हिमालय भारत के उत्तर दिशा में स्थित है। ' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है ?

(i) विधान वाचक वाक्य

(ii) संदेह वाचक वाक्य

(iii) प्रश्न वाचक वाक्य

LIVEWORKSHEETS

(iv) आज्ञा वाचक वाक्य

प्रश्न 14 - ' रमन आज जरूर खेलने आएगा।' इस वाक्य को ' निषेध वाचक ' वाक्य में बदल कर लिखिए -

(i) अरे! रमन आज जरूर खेलने आएगा।

(ii) रमन आज खेलने नहीं आएगा।

(iii) भगवान् करे रमन आज जरूर खेलने आए।

(iv) शायद रमन आज जरूर खेलने आएगा।

प्रश्न 15 - ' श्याम तुम्हारी कक्षा का सबसे अच्छा लड़का है। ' इस वाक्य को प्रश्न वाचक वाक्य में बदलिए -

(i) क्या श्याम तुम्हारी कक्षा का सबसे अच्छा लड़का है?

(ii) शायद श्याम तुम्हारी कक्षा का सबसे अच्छा लड़का है।

(iii) अरे! श्याम तुम्हारी कक्षा का सबसे अच्छा लड़का है।

(iv) श्याम तुम्हारी कक्षा का सबसे अच्छा लड़का नहीं है।

प्रश्न 16 - ' बच्चों को बड़ों की आज्ञा का पालन करना चाहिए। ' इस वाक्य को ' आज्ञा वाचक ' वाक्य में बदल कर लिखिए-

(i) शायद बच्चों को बड़ों की आज्ञा का पालन करना चाहिए।

(ii) क्या बच्चों को बड़ों की आज्ञा का पालन करना चाहिए।

(iii) बच्चों, बड़ों की आज्ञा का पालन करो।

(iv) बच्चों को बड़ों की आज्ञा का पालन नहीं करना चाहिए

प्रश्न 17 - ' पंकज आज जरूर विद्यालय आएगा। ' इस वाक्य को ' निषेध वाचक ' वाक्य में बदल कर लिखिए -

(i) अरे! पंकज आज जरूर विद्यालय आएगा।

(ii) पंकज आज विद्यालय नहीं आएगा।

LIVEWORKSHEETS

(iii) भगवान् करे पंकज आज जरूर विद्यालय आए।

(iv) शायद पंकज आज जरूर विद्यालय आएगा।

प्रश्न 18 -' तुम नाच सीख रहे थे।' इस वाक्य को प्रश्न वाचक वाक्य में बदलिए -

(i) शायद तुम नाच सीख रहे थे।

(ii) तुम कहाँ नाच सीख रहे थे?

(iii) अरे! तुम नाच सीख रहे थे।

(iv) तुम नाच नहीं सीख रहे थे।

प्रश्न 19 - ' शायद वह हिंदी भाषा से अधिक अपनी बोली को महत्व देता है। ' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है?

(i) विधान वाचक वाक्य

(ii) संदेह वाचक वाक्य

(iii) प्रश्न वाचक वाक्य

(iv) आज्ञा वाचक वाक्य

प्रश्न 20 - ' अभी भी गरीबी और भष्टाचार का खोफ देशवासियों में शायद नहीं है।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है -

(i) आज्ञा वाचक वाक्य

(ii) संदेह वाचक वाक्य

(iii) इच्छा वाचक वाक्य

(iv) विस्मयादिबोधक वाक्य

LIVEWORKSHEETS